भारत सरकार
मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय
मत्स्यपालन विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 720
07 फरवरी, 2023 को उत्तर दिए जाने के लिए

समुद्री संपदा

720. सुश्री देबाश्री चौधरी:
प्रो. सौगत रायः

क्या **मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने इस बात पर ध्यान दिया है कि पश्चिमी बंगाल सहित समुद्र तटीय क्षेत्र में भारत की समुद्री संपदा धीरे-धीरे कम हो रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) इस कमी के पीछे किन कारणों का पता चला और उनकी पहचान की गई है;

(ग) क्या उक्त स्थिति से जनित आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए मछुआरा समुदाय को कोई सहायता प्रदान करने की घोषणा किए जाने की संभावना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या सरकार जलवायु परिवर्तन के संदर्भ में समुद्री संपदा में कमी का वैज्ञानिक अध्ययन करने की योजना बना रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री

(श्री परशोत्तम रूपाला)

(क) और (ख): मत्स्यपालन विभाग, मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय, भारत सरकार को पश्चिम बंगाल सहित तटीय राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से समुद्री मत्स्य उत्पादन में क्रमिक गिरावट के संबंध में ऐसी कोई रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई है। वास्तव में, भारत का समुद्री मत्स्य उत्पादन 2020-21 में 34.76 लाख टन से बढ़कर 2021-22 में 18.70% की वार्षिक औसत वृद्धि दर के साथ 41.27 लाख टन हो गया है।

(ग) और (घ): प्रश्न नहीं उठता।

*****